# अनुसूचित जाति उपयोजना (SCSP) के अंतर्गत कृषि आदानों का वितरण एवं खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

पाली, 02 जुलाई 2026 भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (ICAR-CAZRI), जोधपुर के क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, पाली द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना (SCSP) के अंतर्गत पाली जिला के अन्तर्गत ड़ेन्ड़ा एवं धणा के किसानों को दिनांक 30 जुन 2026 हिंगोला के किसानों को दिनांक 02 जुलाई 2026 को कृषि आदानों का वितरण एवं खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में निदेषक, काजरी जोधपुर के मार्गदर्षन में अनुसूचित जाति वर्ग के कृषक परिवारों की महिला कृषकों सहित लगभग 180 कृषकों ने भाग लिया एवं लाभान्वित हुए। क्षेत्रीय प्रदर्शन (Field Demonstration) हेतु कृषकों को मूँग कि उन्नत किस्म आईपीएम 205–7/विराट एवं ग्वार कि उन्नत किस्म (RGC-936) के उन्नत बीजों का वितरण किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को मूँग एवं ग्वार फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों, संतुलित पोषण प्रबंधन, बीजोपचार तथा उर्वरकों के वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि राईजोबियम कलचर फोस्फोरस धुलनषील जैव उर्वरक से बीजोपचार करने पर अंकुरण क्षमता, जड़ विकास तथा पौधों की प्रारंभिक वृद्धि में उल्लेखनीय सुधार होता है।

साथ ही बागवानी फसालों के बगीचे लगानें एवं उचित दुरी पर वैज्ञानिक विधि से वृक्षारोपण करनें की विधियों को विस्तार रूप से किसानों को समझाया गया।